राजभाषा हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में दिनांक 02 सितंबर, 2022 को "राजभाषा हिन्दी से संबन्धित नियम अधिनियम/" शीर्षक विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री महिमान्न्द भट्ट , प्रबन्धक राजभाषा (सेवानिवृत्त), केंद्रीय भंडारण निगम उपस्थित रहें। कार्यशाला में संस्थान के तकनीकी स्तर के अधिकारियों एवं कार्मिकों को राजभाषा से संबन्धित संवैधानिक नियमों/उपनियमों की जानकारी साझा की गई। उनको उनके कार्यस्थल पर किस तरह राजभाषा से संबन्धित प्रमुख नियमों का अनुपालन करना चाहिए इस पर पावर पॉइंट प्रस्तुति द्वारा उनको समझाया गया। मुख्य वक्ता श्री भट्ट जी ने अपने व्याख्यान में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए व्यक्त किया कि भाषा प्रयोग से आसान बनती है। भाषा कभी दुरूह नहीं होती है। उन्होंने राजभाषा हिन्दी में विभिन्न भाषाओं के शब्दों की प्रयुक्ति की संक्षिप्त जानकारी भी साझा की। संवैधानिक प्रावधानों के अतिरिक्त श्री भट्ट जी ने अपनी पस्तुति में हिन्दी में सटीक , स्पष्ट और संक्षिप्त टिप्पण व आलेखन लिखने पर सबका ध्यान आकर्षण किया।

कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तरी सत्र तथा श्री शंकर शर्मा , सहायक निदेशक (राजभाषा) के आभार प्रकट से किया गया।

<u>कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी</u>